EEFI

ELECTRICITY EMPLOYEES' FEDERATION OF INDIA

B.T. Ranadive Bhawan, 13A, Rouse Avenue, New Delhi-110 002
E-mail id – eefederation@gmail.com, Mob. No. 8800580584 / 8918372750

ELAMARAM KAREEM (Ex-M.P.)
President

S RAJENDRAN
Treasurer

SUDIP DUTTA
General Secretary

No. 10/ईईएफआई/सर्कुलर/01/2025 Date: 7 मई, 2025

# सर्कुलर

ईईएफआई की 10वीं राष्ट्रीय कांफ्रेंस के बाद वर्किंग कमेटी की पहली बैठक 2–3 मई 2025 को बीटीआर भवन, नई दिल्ली में हुई। बैठक में 55 में से 32 सदस्यों ने भाग लिया। 17 साथियों के अवकाश आवेदन स्वीकार किए गए।

बैठक की अध्यक्षता ईईएफआई के अध्यक्ष कॉमरेड ई. करीम ने की। ईईएफआई वर्किंग कमेटी ने पहलगाम आतंकवादी हमले के निर्दोष पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी।

अपने अध्यक्षीय भाषण में कॉमरेड ई. करीम ने वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय मुद्दों पर प्रकाश डाला तथा विशेष रूप से 20 मई 2025 की आम हड़ताल के महत्व और इसे ऐतिहासिक सफलता बनाने में बिजली कर्मचारियों की भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने संसद में श्रम संहिताओं को घोर अलोकतांत्रिक तरीके से पारित करने में केंद्र सरकार की कुख्यात चालबाजी को रेखांकित किया।

महासचिव की रिपोर्ट में पहलगाम हत्याकांड और पूरे देश की तत्काल एकजुटता प्रतिक्रिया पर प्रकाश डाला गया। कश्मीर का मजदूर वर्ग और आम जनता देश के अन्य हिस्सों से आए अपने मेहमानों को बचाने और उनकी देखभाल करने के लिए अदम्य साहस, एकजुटता और मदद के साथ खड़ा हुआ।

ईईएफआई कश्मीर के बिजली कर्मचारियों को इस नृशंस हमले के खिलाफ एकजुटता के उनके बहादुराना कार्य के लिए बधाई देता है। साथ ही हम आरएसएस–भाजपा गठबंधन को स्पष्ट चेतावनी देता है कि उसके द्वारा इस घटना की आड़ में धार्मिक कट्टरता और सांप्रदायिकता गहरी करने के लिए पूरे देश में सांप्रदायिक जहर फैलाने की कोशिशें कामयाब नहीं होनी दी जाऐंगी। जहांकि यह हमला भारत के गृह मंत्रालय और खुफिया विभाग की घोर विफलता का स्पष्ट खुलासा है, इसे बेहद शर्मनाक तरीके से भारतीय समाज को सांप्रदायिक आधार पर और अधिक ध्रुवीकृत करने के हथियार के रूप में इस्तेमाल में लाया गया है।

ईईएफआई वर्किंग कमेटी ने ट्रम्प प्रशासन द्वारा छेड़े गए टैरिफ युद्ध और भारतीय मजदूर वर्ग पर इसके प्रभाव पर गंभीरता से ध्यान दिया। यूरोपीय ब्लैकआउट घटना पर एक अलग नोट प्रसारित किया गया। नोट हमारे सदस्यों के बीच ले जाने के लिए इस सर्कुलर के साथ परिशिष्ट के रूप में संलग्न है।

पृष्ठ 2 पर जारी...

B.T. Ranadive Bhawan, 13A, Rouse Avenue, New Delhi-110 002
E-mail id – eefederation@gmail.com, Mob. No. 8800580584 / 8918372750

ELAMARAM KAREEM (Ex-M.P.) President | S RAJENDRAN Treasurer | SUDIP DUTTA General Secretary

No. Date:



यूपी में योगी सरकार के निजीकरण के हताशाजनक प्रयास के खिलाफ वीरतापूर्ण संघर्ष चल रहा है। एनसीसीओईईई के घटक यूपी में लगातार आंदोलन कर रहे हैं और 29 मई 2025 से अनिश्चितकालीन हड़ताल का नोटिस दिया जा चुका है। ईईएफआई यूपी पावर कर्मचारियों के साथ अपना पूरा समर्थन और एकजुटता व्यक्त करता है और सभी घटकों को किसी भी तत्काल एकजुटता कार्रवाई के लिए तैयार रहने के लिए सचेत करता है।

एनटीपीएल–तूतीकोरिन थर्मल पावर वर्कर्स एनएलसी (नेवेली लिग्नाइट कॉरपोरेशन) न्यूनतम वेतन की मांग को लेकर 18वें दिन भी हड़ताल पर रहे। ईईएफआई हड़ताली एनटीपीएल कर्मचारियों के साथ मजबूत एकजुटता व्यक्त करता है और सीओटीईई से अनुरोध करता है कि वे मामले को सुलझाने के लिए हर संभव पहल करें।

वर्किंग कमेटी की बैठक में कई महत्वपूर्ण संगठनात्मक निर्णय लिए गए और अपनाए गए कार्यों के पालन के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गईं। प्रत्येक वर्किंग कमेटी की बैठक में दिए गए सभी कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

**ए.सभी घटक यूनियनों के लिए प्राथमिकता वाले संगठनात्मक कार्य:**

a) सदस्यता रजिस्टर को नियमित और डिजिटाइज़ करना,
b) यूनियनों के लोकतांत्रिक कामकाज को व्यवस्थित करना,
c) ईईएफआई केंद्र के साथ समन्वय को नियमित करना,
d) सभी ईईएफआई संचार को प्रिंट और फाइल करना और यूनियन समितियों को रिपोर्ट करना
e) संबंधित राज्यों में उद्योग में बदलाव और आंदोलन की स्थिति के बारे में ईईएफआई केंद्र को नियमित रूप से अपडेट करना

उपर्युक्त 5 कार्य घटक यूनियनों के महासचिव/अध्यक्ष द्वारा सुनिश्चित किए जाने चाहिए।

पृष्ठ 3 पर जारी...

ELECTRICITY EMPLOYEES' FEDERATION OF INDIA
B.T. Ranadive Bhawan, 13A, Rouse Avenue, New Delhi-110 002
E-mail id – eefederation@gmail.com, Mob. No. 8800580584 / 8918372750

ELAMARAM KAREEM (Ex-M.P.) President | S RAJENDRAN Treasurer | SUDIP DUTTA General Secretary

No. Date:



**बी. संगठनात्मक जिम्मेदारियों का बंटवाराः**

**1. ईईएफआई क्षेत्रीय समितियों के प्रभारीः**

a) उत्तरी क्षेत्रः कॉमरेड सुभाष लांबा,
b) दक्षिणी क्षेत्रः कॉमरेड एस हरिलाल और कॉमरेड सी उन्नीकृष्णन,
c) पूर्वी क्षेत्रः अरिंदम रॉय,
d) पश्चिमी क्षेत्रः सुदीप दत्ता

**2. उप–समितियों के संयोजकः**

a) न्यू मीडिया उप–समितिः एमजी सुरेश कुमार,
b) पॉलिसी रेस्पॉस टीमः अरुल सेलवन और शाइन राज,
c) कामकाजी महिला उप–समितिः दीपा के. राजन,
d) वित्त उप–समितिः एस राजेंद्रन,
e) एनटीपीसी उप–समितिः अरुल सेलवन,
f) पावरग्रिड उप–समितिः एमजी सुरेश कुमार

**सभी संयोजक 31 मई 2025 तक उप–समिति बनाने और कम से कम एक ऑनलाइन बैठक आयोजित करने के लिए जिम्मेदार होंगे।**

**3. अतिरिक्त जिम्मेदारियाँः** 23 यूनियनें ऐसी हैं जिनका वर्किंग कमेटी में प्रतिनिधित्व नहीं है। इसलिए, हमें प्रत्येक ऐसी प्रत्येक यूनियन के लिए एक ओबी/डब्ल्यूसीएम नियुक्त करने की आवश्यकता है ताकि ईईएफआई से नियमित संचार, सहायता और देख–रेख मुहैया की जा सके। अतिरिक्त जिम्मेदारियों के बंटवारे की सूची नीचे दी गई है:

| क्र.सं. | यूनियन का नाम | जिम्मेदार पदाधिकारी/ वर्किंग कमेटी सदस्य |
|---|---|---|
| **1.** | पावरग्रिड एम्पलाईज यूनियन (एनईआर) (असम) | केन्द्रीय क्षेत्र स्वदेश देवरॉय/ सुदीप दत्ता |
| **2.** | पावरग्रिड डब्ल्यूयू, गुड़गांव (दिल्ली एनसीआर) | |
| **3.** | पावर ट्रांसमिशन एम्पलाईज एंड वर्कर्स यूनियन | |
| **4.** | एनटीपीसी बोंगाईगांव एम्पलाईज यूनियन | |

पृष्ठ 4 पर जारी...

EEFI

ELECTRICITY EMPLOYEES' FEDERATION OF INDIA
B.T. Ranadive Bhawan, 13A, Rouse Avenue, New Delhi-110 002
E-mail id – eefederation@gmail.com, Mob. No. 8800580584 / 8918372750

ELAMARAM KAREEM (Ex-M.P.) President | S RAJENDRAN Treasurer | SUDIP DUTTA General Secretary

No. Date:



| क्र.सं. | यूनियन का नाम | जिम्मेदार पदाधिकारी / वर्किंग कमेटी सदस्य |
|---|---|---|
| 5. | एनटीपीसी कामगार यूनियन (छत्तीसगढ़) | केन्द्रीय क्षेत्र<br><br>स्वदेश देवरॉय / सुदीप दत्ता |
| 6. | एनटीपीसी सेल पावर कंपनी एम्पलाईज यूनियन (पश्चिम बंगाल) | |
| 7. | फरक्का सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट्स ठेका श्रमिक यूनियन | |
| 8. | फरक्का सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट्स वर्कर्स यूनियन | |
| 9. | प्रगतिशील ताप विद्युत कर्मचारी संघ (छत्तीसगढ़) | |
| 10. | अंडमान और निकोबार आईलैंड इलेक्ट्रिसिटी ट्रेड यूनियन | सुदीप दत्ता |
| 11. | असम स्टेट इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई वर्कर्स यूनियन | सुदीप दत्ता |
| 12. | भारत एल्युमीनियम एम्पलाईज यूनियन (छत्तीसगढ़) | सुभाष लांबा |
| 13. | केएसई वर्कर्स फेडरेशन, कर्नाटक | एस. राजेन्द्रन |
| 14. | डाभोल वीज प्रकल्प कामगार संघ (महाराष्ट्र) | राजेश काठाले |
| 15. | मेघालय पावर वर्कर्स यूनियन | सुदीप दत्ता |
| 16. | उड़ीसा विद्युत कर्मचारी संघ | प्रणय नायक |
| 17. | सीईएसयू मीटर रीडिंग एवं बिल कलेक्शन कर्मचारी संघ (ओडिशा) | प्रणय नायक |
| 18. | पावरकॉम एंड ट्रांसको कॉन्ट्रेक्ट वर्कर्स यूनियन (पंजाब) | हरपाल सिंह |
| 19. | पुडुवाई मिंसारा थोझिलालार संगम (पुडुचेरी) | अरूल सेल्वन |
| 20. | विद्युत श्रमिक कर्मचारी एकता संघ (आरवीकेईएफ) (राजस्थान) | सुभाष लांबा |
| 21. | उत्तर प्रदेश बिजली बोर्ड एम्पलाईज यूनियन | सुभाष लांबा |
| 22. | दुर्गापुर पावर एम्पलाईज यूनियन | अविजीत रॉय |
| 23. | डीवीसी कॉन्ट्रेक्ट वर्कर्स यूनियन | अविजीत रॉय |

पृष्ठ 5 पर जारी...

EEFI

ELECTRICITY EMPLOYEES' FEDERATION OF INDIA
B.T. Ranadive Bhawan, 13A, Rouse Avenue, New Delhi-110 002
E-mail id – eefederation@gmail.com, Mob. No. 8800580584 / 8918372750

ELAMARAM KAREEM (Ex-M.P.) President | S RAJENDRAN Treasurer | SUDIP DUTTA General Secretary

No. Date:



**<u>प्रत्येक बैठक के निर्णय तथा किसी भी आवश्यक सर्कुलर को जिम्मेदार पदाधिकारी/वर्किंग कमेटी सदस्य द्वारा सर्कुलर जारी करने के 7 दिनों के भीतर उपरोक्त 23 यूनियनों को उचित रूप से सूचित किया जाना चाहिए।</u>**

**सी. बैठकों का कैलेंडर:** हमने अपनी संगठनात्मक बैठकें आयोजित करने के लिए एक कैलेंडर तैयार किया है। हम एक वर्ष में 3 पदाधिकारी बैठकें, 3 वर्किंग कमेटी बैठकें, 2 क्षेत्रीय बैठकें और 1 जनरल काउंसिल बैठक आयोजित करेंगे।

| **बैठकें** | **बैठकों का संभावित कार्यक्रम** |
|---|---|
| पदाधिकारी | जून 2025, अक्टूबर 2025, फरवरी 2026 |
| वर्किंग कमेटी | अगस्त 2025, दिसंबर 2025 |
| क्षेत्रीय समितियाँ | अक्टूबर 2025, फरवरी 2026 |
| जनरल काउंसिल | मार्च 2026 |

**पदाधिकारियों की अगली बैठक 2 जून 2025 को होगी।**

**डी. स्मारिका की स्थिति:** स्मारिका के लिए प्राप्त राशि का विवरण नीचे दिया गया है। हम 31 मई 2025 को विज्ञापन संग्रह प्रक्रिया बंद कर देंगे।

| **क्र.सं.** | **राज्य/यूनियन का नाम** | **यूनियनों की सूची** | **दिया गया कोटा (रुपये में)** | **भुगतान की गई राशि (रुपये में)** |
|---|---|---|---|---|
| **1** | केरल | KSEB WA | 30,00,000 | 30,00,000 |
| | | KSEB OA | | |
| | | EB CWA | | |
| **2** | तमिलनाडु | COTEE | 4,00,000 | 4,00,000 |
| **3** | पश्चिम बंगाल | WBSEWMU | 5,00,000 | |
| | | PBRBSSKU | | |
| | | CES WU | | |
| | | DVC SU | | |
| **4** | हरियाणा | AHPCWU | 5,00,000 | 1,00,000 |
| **5** | तेलंगाना | TG UEEU | 2,00,000 | |

पृष्ठ 6 पर जारी...

EEFI

**ELECTRICITY EMPLOYEES' FEDERATION OF INDIA**

B.T. Ranadive Bhawan, 13A, Rouse Avenue, New Delhi-110 002
E-mail id – eefederation@gmail.com, Mob. No. 8800580584 / 8918372750

ELAMARAM KAREEM (Ex-M.P.) President | S RAJENDRAN Treasurer | SUDIP DUTTA General Secretary

No. Date:



| क्र.सं. | राज्य/यूनियन का नाम | यूनियनों की सूची | दिया गया कोटा (रुपये में) | भुगतान की गई राशि (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 6 | पंजाब | MSU | 2,00,000 | 21,000 |
| | | TSU | | 34,000 |
| | | PTCWU | | |
| 7 | ओडिषा | WOBSM | 2,00,000 | |
| | | OBKS | | |
| | | CESU | | |
| 8 | म्हाराष्ट्र | Swabhimani | 1,00,000 | ~ 28,000 |
| 9 | आंध्र प्रदेश | AP UEEU | 1,00,000 | |
| 10 | अन्य राज्य स्तरीय यूनियन | J&K NGEEA | 50,000 | |
| | | RVKEF | 50,000 | |
| | | KSEWF | 50,000 | |
| | | ASESWU | 50,000 | |
| | | TBKU | 50,000 | |

**ई. सदस्यताः सदस्यता जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून 2025 है।**

**एफ. बैठक में 10वें राष्ट्रीय सम्मेलन में अपनाए गए 20 सूत्री कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। निम्नलिखित 6 तत्काल कार्यों को अंतिम रूप दिया गया है। सभी यूनियनों को उचित समीक्षा और कार्यान्वयन के लिए ईईएफआई केंद्र को लिखित रूप में इसका जवाब देना होगा।**

1. **संगठनात्मक पहुंच का विस्तार करें, गैर–नियमित श्रमिकों पर ध्यान केंद्रित करें, स्वतंत्र संगठनों को ईईएफआई के दायरे में लाने का प्रयास करें, ईईएफआई में बिजली इंजीनियरों को संगठित करें।**

   सभी यूनियनों को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। सबसे पहले अपनी यूटिलिटी में गैर–नियमित कर्मचारियों की संख्या बताएं। फिर उन्हें संगठित करने की संभावनाओं के बारे में ठोस जानकारी दें और इस साल के लिए लक्ष्य निर्धारित करें।

पृष्ठ 7 पर जारी...

ELECTRICITY EMPLOYEES' FEDERATION OF INDIA
B.T. Ranadive Bhawan, 13A, Rouse Avenue, New Delhi-110 002
E-mail id – eefederation@gmail.com, Mob. No. 8800580584 / 8918372750

ELAMARAM KAREEM (Ex-M.P.) President
S RAJENDRAN Treasurer
SUDIP DUTTA General Secretary

No. Date:



अगर अलग यूनियन की जरूरत है तो उसे पंजीकृत करने की पहल करें। **इस कार्य के लिए सभी यूनियनों के महासचिव जिम्मेदार होंगे।**

बताएं कि आपकी यूटिलिटी में कोई अन्य स्वतंत्र यूनियन है या नहीं। उन्हें ईईएफआई के दायरे में लाने की क्या संभावना है? **इस कार्य के लिए अपनी यूनियन के किसी पदाधिकारी को नियुक्त करें और उसका नाम बताएं।**

हमें हर यूटिलिटी में बिजली इंजीनियरों का एक केंद्र बनाने की प्राथमिक योजना बनानी होगी। अगली बैठक से पहले कुछ नाम एकत्र करने का प्रयास करें और उसके अनुसार हम आगे बढ़ेंगे।

2. **अपनी यूटिलिटी में अनुमानित और योजनाबद्ध तरीके से सदस्यता बढ़ाएं। राज्य में अन्य यूटिलिटी में विस्तार करें। अपनी यूटिलिटी में सदस्यता बढ़ाने की संभावनाओं के बारे में बताएं।**
   विस्तार के संबंध में आपने अपनी यूनियन में क्या ठोस योजना अपनाई है? हमारे दायरे में कितने अतिरिक्त लोग आ सकते हैं? **2025 के लिए लक्ष्य निर्धारित करें।**

   अपने राज्य में अन्य यूटिलिटी के नाम बताएं और उनके बारे में रिपोर्ट दें। अपने यूनियन के दो पदाधिकारियों को उनके साथ प्राथमिक संपर्क स्थापित करने के लिए नियुक्त करें। निजी उपक्रमों को विशेष महत्व दें। अगली बैठक में विकास की रिपोर्ट दें।

3. **उन सभी राज्यों में केंद्र बनाएं जहां ईईएफआई का कोई आधार नहीं है। सामूहिक कामकाज सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय समितियों को सक्रिय करें।**

   यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण कार्य है। झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, गुजरात, कर्नाटक और कुछ पूर्वोत्तर राज्यों में ईईएफआई का कोई संगठन नहीं है। बिहार और यूपी में हमारी इकाइयां बहुत खराब या निष्क्रिय हैं। हमें बिना किसी चूक के इन राज्यों में प्रवेश करना है।

पृष्ठ 8 पर जारी...

ELECTRICITY EMPLOYEES' FEDERATION OF INDIA
B.T. Ranadive Bhawan, 13A, Rouse Avenue, New Delhi-110 002
E-mail id – eefederation@gmail.com, Mob. No. 8800580584 / 8918372750

ELAMARAM KAREEM (Ex-M.P.) President | S RAJENDRAN Treasurer | SUDIP DUTTA General Secretary

No. Date:



ईईएफआई के अध्यक्ष और महासचिव के साथ कामरेड स्वदेश देवरॉय, कामरेड सुभाष लांबा और क्षेत्रीय संयोजक इस कार्य के लिए जिम्मेदार होंगे। उन्हें अगली बैठक से पहले एक ठोस स्थिति रिपोर्ट और कार्य योजना तैयार करनी होगी।

**4. निजी बिजली उपक्रमों के भीतर कर्मचारियों को संगठित होने के लिए विशेष पहल करें।**

भारत का निजी बिजली क्षेत्र हर दिन बहुत तेजी से बढ़ रहा है। लेकिन हमारी वहां न्यूनतम उपस्थिति है। अब इस सम्मेलन से हमने निजी बिजली उपक्रमों में संगठन बनाने के कार्य को प्राथमिकता दी है। प्रत्येक राज्य से एक या अधिक WCM राज्यवार इस कार्य के लिए जिम्मेदार होंगे। नाम केंद्र को भेजे जाने चाहिए। जिम्मेदार साथी अगली बैठक में विस्तृत रिपोर्ट देंगे, जिसके आधार पर योजना बनाई जाएगी।

**5. अन्य बिजली फेडरेशनों के साथ संयुक्त कार्रवाई को मजबूत करें।, एनसीसीओईईई को मजबूत करें।**

पिछले कुछ महीनों में एनसीसीओईईई के तहत संयुक्त गतिविधि निश्चित रूप से मजबूत हुई है। हमने तीन क्षेत्रीय बैठकें भी आयोजित की हैं। संयुक्त कार्रवाई में कुछ प्रगति हुई है। अब प्राथमिकता एनसीसीओईईई के क्षेत्रीय और राज्य स्तरीय समन्वय को सक्रिय करने की होनी चाहिए। हमें एनसीसीओईईई में फिर से इंटक के फेडरेशन को लाने का प्रयास करना चाहिए।

**6. ऊर्जा क्षेत्र के अन्य दो फेडरेशनों – एआईसीडब्ल्यूएफ और पीजीडब्ल्यूएफआई के साथ समन्वित कार्रवाई शुरू और लगातार विकसित करें।**

ईईएफआई केंद्र इनमें से तीन संगठनों के नेतृत्व के साथ एक नेतृत्व स्तर की बैठक बुलाने की योजना बना रहा है। ईईएफआई के जीएस अगली बैठक में इस पर रिपोर्ट देंगे। सीआईटीयू की जनरल काउंसिल की बैठक के दौरान तारीख को अंतिम रूप दिया जाएगा।

**प्रत्येक यूनियन के महासचिव/अध्यक्ष 31 मई 2025 तक उपरोक्त विवरण ईईएफआई केंद्र को भेजने के लिए जिम्मेदार होंगे।**

पृष्ठ 9 पर जारी...

EEFI

ELECTRICITY EMPLOYEES' FEDERATION OF INDIA
B.T. Ranadive Bhawan, 13A, Rouse Avenue, New Delhi-110 002
E-mail id – eefederation@gmail.com, Mob. No. 8800580584 / 8918372750

ELAMARAM KAREEM (Ex-M.P.) President | S RAJENDRAN Treasurer | SUDIP DUTTA General Secretary

No. Date:



**जी. 20 मई 2025 की आम हड़ताल की तैयारी:** हम 20 मई की आम हड़ताल की ओर बढ़ रहे हैं। निस्संदेह यह कार्य कठिन है क्योंकि मोदी सरकार का तीसरा कार्यकाल पहले से ही अपने पिछले संस्करणों की तुलना में अधिक आक्रामक और विश्वासघाती साबित हुआ है।

सरकार लेबर कोड कानूनों को लागू करने के लिए उन्मादी तरीके से दबाव बना रही है और उसने पहले ही BNS (भारतीय न्याय संहिता) को लागू कर दिया है। बिजली, दूरसंचार, खान, रेलवे, राजमार्ग, बंदरगाह और गोदी जैसे क्षेत्रों में एनएमपी यानि राष्ट्रीय संपत्ति मुद्रीकरण पाइपलाइनों के माध्यम से निजीकरण के प्रयास तेजी से बढ़ रहे हैं। मजदूर वर्ग और मेहनतकश जनता के अन्य हिस्सों को तेजी से जिन्दा रहने लायक स्तर से भी नीचे धकेला जा रहा है। और ये सभी हमले भारतीय अर्थव्यवस्था की भयावह स्थिति को दबाने के लिए हैं।

निश्चित रूप से, तीन नए अधिनियमित न्याय संहिताओं (दंड संहिताओं) के साथ–साथ श्रम संहिताओं का उद्देश्य संगठित मजदूर वर्ग के आंदोलन के प्रतिरोध के सभी संभावित दायरे और रूपों को खत्म करना है। यह मोदी सरकार के पूंजीवादी आकाओं के लिए अधिशेष की लूट और लाभ की उच्चतर दर सुनिश्चित करने के लिए है।

निश्चित रूप से, 20 मई की आम हड़ताल नव–फासीवादी मोड़ पर खड़े सत्तारूढ़ व्यवस्था को चुनौती देने के लिए भारतीय मजदूर वर्ग की ओर से एक जवाबी हमला है। लेकिन, असल लड़ाई उद्योग, संयंत्र और कार्यस्थल के स्तर पर होगी। आगे के संघर्ष के रास्ते में अवज्ञा और प्रतिरोध का आह्वान भारतीय मजदूर वर्ग का सबसे प्रमुख हथियार होगा।

हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे 1,24,197 सदस्य हड़ताल का पालन करें। हमें सभी NCCOEEE सदस्यों को हड़ताल में लाने का प्रयास करना चाहिए। हमें NCCOEEE के संगठनात्मक दायरे से बाहर अन्य मज़दूरों को हड़ताल में लाने का प्रयास करना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि 20 मई 2025 बिजली कर्मचारियों द्वारा अब तक की सबसे बड़ी हड़ताल हो।

पृष्ठ 10 पर जारी...

ELECTRICITY EMPLOYEES' FEDERATION OF INDIA
B.T. Ranadive Bhawan, 13A, Rouse Avenue, New Delhi-110 002
E-mail id – eefederation@gmail.com, Mob. No. 8800580584 / 8918372750

ELAMARAM KAREEM (Ex-M.P.) President | S RAJENDRAN Treasurer | SUDIP DUTTA General Secretary

No. Date:



**सभी यूनियनों को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि**

- अधिकतम संभव जनरल बॉडी बैठकें आयोजित की जाएँ,
- अधिकतम संख्या में पर्चे छपवाए और वितरित किए जाएँ,
- दो अलग–अलग पर्चे छपवाना, एक उद्योग पर और दूसरा श्रम संहिता पर,
- एनसीसीओईईई सर्कुलर और स्वीकृत घोषणापत्र का प्रचार,
- राज्य स्तरीय एनसीसीओईईई बैठक का आयोजन,
- हड़ताल का कारण समझाने के लिए उपभोक्ताओं के साथ बैठक

**आइए 20 मई 2025 को ऐतिहासिक हड़ताल की तैयारी करें।**
**आइए आने वाले दिनों में और अधिक उग्र संघर्षों की तैयारी करें।**

**शुभकामनाओं के साथ**

Sudip Dutta

**(सुदीप दत्ता)**
**महासचिव**